हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 छठ पूजा पर महिलाओं ने किया निर्जला व्रत



11 प्राथमिक व माध्यमिक शाला में हुआ न्योता भोज





## खबर संक्षेप

### ससहा में मेला-मड़ई आज

पलारी। ग्राम ससहा में इस वर्ष भी शनिवार को भव्य मेला–मड़ई का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा का विशेष आकर्षण होगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय और बाहरी कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे, जिससे ग्रामीणों को मनोरंजन का सुनहरा अवसर मिलेगा। उक्त जानकारी सरोज साहू, कुंदन साहू द्वारा दी गई है।

### एक्सीडेंट में युवक की मौत, एक घायल

महासमुंद। बाघामुड़ा और बोड़रीदादर के बीच टाटा 407 की टक्कर से बाइक में सवार युवक की मौत हो गई, घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतक पुष्कर साहू अपने रिश्ते के चाचा दुलेश्वर साहू के साथ बाइक सीजी 06 जीवाय 9954 से किसी काम से ग्राम कोचर्रा से ग्राम बाघामुड़ा जा रहा था। बाघामुड़ा व बोडरीदादर के बीच रोड केसरी चंद्राकर के खेत के सामने विपरीत दिशा से आ रहे टाटा 407 वाहन क्रं. सीजी 06 जीएस 0532 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को एक्सीडेंट कर दिया। इस एक्सीडेंट के चलते पुष्कर साहू के सिर एवं मुंह में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना में दुलेश्वर साहू के पैर में चोट आई है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूध्द अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट, काउंटर रिपोर्ट

महासमुंद। ग्राम चिंगरौद में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग रिपोर्ट में केस दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस न बताया कि ग्राम चिंगरौद का बैसाखू साहू 7 नवंबर की सुबह 7 बजे अपनी पत्नी लेड़गी साहू के साथ घर ब्यारा में काम कर रहा था। उसी समय घर ब्यारा जमीन बंटवारे की बात को लेकर कल्याणी साहू, राजू साहू, दमेन साहू ने आकर वहां दीवार खड़ा करने से मना किया और गाली गलौज करते हुए एक राय होकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लाठी, डंडा से मारपीट करने लगे। मारपीट से प्रार्थी को चोट नहीं आई है लेकिन उसकी पत्नि लेडगी साहू के पीठ, कान में चोटें आई। इधर दूसरे पक्ष की रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि चिंगरौद गांव की कल्याणी बाई साहू 7 नवंबर की सुबह लगभग 7 बजे अपने लड़का निर्मल उर्फ राजू साहू के साथ घर ब्यारा में काम कर रही थी। साथ में परिवार का लड़का देवेंद्र साहू भी था। पूर्व से ही परिवार के लेड़गी बाई साहू, बैसाखू साहू, तारेंद्र साहू से प्राथिया का घर ब्यारा जमीन बंटवारे की विवाद चल रहा है।

# डाकघर का कम्प्यूटर सिस्टम 12 दिनों से बंद, खाताधारक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

स्थानीय डाकघर का कंप्यूटर सिस्टम विगत 12 दिनों से बंद पड़ा है। इसके चलते खाताधारक लेन देन नहीं कर पा रहे हैं। कम्प्यूटर सिस्टम बंद होने के कारण डाकघर का काम बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। रकम आहरण करने आए खाताधारकों ने बताया कि दीपावली त्यौहार में भी हम लेनदेन नहीं कर पाए हैं, उनके खाता में रकम होने के बावजूद भी उधार लेकर त्यौहार मनाये है।

जानकारी के अनुसार डाकघर सिमगा वर्षों से सुविधा विहिन एवं जर्जर किराये के भवन में संचालित है। यह भवन इतना जर्जर हो चुका है कि कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है। वहीं बारिश के दिनों में सीलन व बदबू रहने के कारण अनेक जरूरी कागजात व फाइलें खराब होने के हालत में रहते हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने के लिए बहुत से खाता धारकों ने यहां अपना खाता खुलवाया है, लेकिन यहां खाता धारकों के लिए बैठने तक की सुविधा नहीं है। वहीं मकान मालिक ने कभी जर्जर हो चुके भवन की मरम्मत तक नहीं करायी। देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुके भवन में हमेशा गंभीर दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है।

**बकाया राशि जमा नहीं होने पर एयरटेल ने काटा कनेक्शन**



**बीएसएनएल का कनेक्शन लेंगे**

पहले हमारा कंप्यूटर सिस्टम एयरटेल से संचालित होता था, लेकिन शासन द्वारा समय पेमेंट नहीं करने पर एयरटेल का कनेक्शन काट दिया गया है। इसके चलते कम्प्यूटर सिस्टम बंद है। आगामी दो तीन दिनों के भीतर बीएसएनएल का कनेक्शन शुरू हो जायेगा। जहां फिर से खाताधारक अपना लेनदेन कर सकेंगे।

-कामता प्रसाद यादव डाकघर प्रमुख

**सौगात : बलौदाबाजार में खुलेगा बीएड महाविद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर की होगी स्थापना**

# मुख्यमंत्री साय ने किया 60 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने दशहरा मैदान में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करते हुए बलौदाबाजार में बीएड महाविद्यालय खोलने और ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले के लिए 60 करोड़ 20 लाख की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 32 करोड़ 32 लाख की लागत के 16 विकास कार्यों तथा 27 करोड़ 88 लाख की लागत के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद कमलेश जांगड़, विधायक गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से 2100 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र एवं 51 हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। उन्होंने जिले में संचालित हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत 51 युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में किसानों ने 3100 रूपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री साय को धान से भरे टुकनी एवं पर्रा भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया।

**मुख्यमंत्री ने 2100 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र और 51 को दी चाबी**



### पहली बार आया हूं औद्योगिक व धार्मिक नगरी में

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद आज पहली बार धार्मिक एवं औद्योगिक नगरी बलौदाबाजार पहुंचा हूं। यहां मुझे आत्मीय सम्मान मिला जिसके लिए मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार संतों, गुरुओं और वीरों की धरा है। अनेक पंथ और आस्था को मानने वाले लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस जिले का निर्माण किया, तब से विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारी सरकार पिछले 10 महीने में लगातार प्रदेश एवं प्रदेश के लोगों के हित में मोदी की गारंटी के तहत कार्य कर रही है। हम छत्तीसगढ़ को तीव्र गति से विकास पथ पर आगे ले जाना चाहते हैं, जिसके लिए आप सब आपसी भाईचारा, प्रेम, सद्भाव और विश्वास बनाए रखें।

### औद्योगिक इकाई स्थापित करने हमने नई औद्योगिक नीति बनाई

हमने औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने में तेजी लाने के लिए नई औद्योगिक नीति बनाई है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है, जिसमें से 8 लाख 42 हजार आवासों की स्वीकृति केंद्र सरकार से भी मिल गई है। महतारी वंदन योजना से हर माह महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये अंतरित हो रहा है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये में खरीद रहे हैं। इस वर्ष 14 नवम्बर से धान खरीदी होगी। इसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है, ताकि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो।

### जिला बनने के बाद बलौदाबाजार विकास की ओर अग्रसर

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बलौदाबाजार जिला का निर्माण किया, तब से बलौदाबाजार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नर को नारायण सेवा मानकर प्रदेश के लोगों की सेवा कर रहे हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी तथा लोक संस्कृति के संरक्षण की दिशा में डबल इंजन की सरकार द्रुत गति से काम कर रही है, जिससे प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि व्याप्त है। कार्यक्रम को पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल साहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## डॉ. वासु वर्मा डिग्री गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

शासकीय मिनीमाता डिग्री गर्ल्स कॉलेज में डॉ. वासु वर्मा ने राज्य शासन के आदेशों के परिपालन में 6 नवंबर को प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया है। शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव तथा शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में 38 वर्षो की शैक्षणिक यात्रा पूर्ण कर डा. वर्मा ने प्राचार्य का पद प्राप्त किया है। डॉ. वर्मा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में गृह विज्ञान संकाय की डीन थीं। उनके निर्देशन में 19 शोधार्थियों ने अपना शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। डॉ. वर्मा के कार्यभार ग्रहण करने पर मिनीमाता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण, जनभागीदारी समिति के सदस्यों एवं छात्राओं द्वारा शुभकामना देते हुए स्वागत किया गया।



## सूर्यकांत तिवारी अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी में शामिल

सिमगा। क्रिकेट अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के 16 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है। इसमें सिमगा नगर के प्रतिभावान खिलाड़ी सूर्यकांत तिवारी ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट जगत में अपनी काबिलियत का फिर एक बार लोहा मनवाया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी एनसीए में छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सूर्यकांत तिवारी ने चयनित होकर पूरे क्षेत्र एवं नगरवासियों को गौरवान्वित किया था, किंतु ▶▶ शेष पेज 11 पर



## सर्दी-खांसी ठीक होने का झांसा देकर दिया जहरीला तरल पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लवन से प्राप्त मेमो की जांच तस्दीक पर थाना लवन पुलिस ने इलाजरत राहुल वर्मा से पूछताछ कर 5 नवंबर को कथन लिया, जिसमें बताया गया कि 4 नवंबर सोमवार को वह दिनेश वर्मा के निर्माणाधीन मकान में काम पर गया, वहां मोहन धीवर भी साथ था। इसी समय आरोपी राजेश मिश्रा 50 साल निवासी राधा विहार कॉलोनी ▶▶ शेष पेज 11 पर

**आरोपी गिरफ्तार**

थाना लवन में धारा 105,123 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेश मिश्रा को हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ करने पर सर्दी, खांसी कफ ठीक होने के नाम पर दिनेश वर्मा, मोहन धीवर एवं राहुल वर्मा को आयुर्वेद दवाई के नाम पर जहरीला तरल पदार्थ देना स्वीकार किया, जिससे दिनेश वर्मा की मृत्यु एवं दो व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। प्रकरण में 6 नवंबर बुधवार को आरोपी राजेश मिश्रा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## 7 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने नगर के सिंधी कॉलोनी में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार में किराए के मकान में निवासरत आरोपी तीर्थराज वर्मा अपनी एक महिला मित्र कविता चतुर्वेदी के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने का काम कर रहा है और वह आज लवन तरफ से अपने जुपिटर स्कूटी के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने गुरूवार को घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को स्कूटी के माध्यम से सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार में ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने दबोचा

## सिमगा को मिला नगर पालिका का दर्जा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

राज्य सरकार द्वारा गत माह सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने के लिए प्रथम सूची का प्रकाशन किया गया था। इसके लिए निर्धारित अवधि में दावा आपत्ति भी आमंत्रित की गई थी, जिसका निराकरण होने के पश्चात राज्यपाल के आदेश से छत्तीसगढ़ राजपत्र में अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसके अनुसार नगर पंचायत सिमगा अब से नगर पालिका सिमगा हो गया है।

साथ ही समस्त शासकीय अभिलेखों एवं दस्तावेजों में अब नगर पालिका सिमगा उल्लेखीत होगा। साथ ही पूर्व के नगर पंचायत की सीमाओं में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। इन सीमाओं को नगर पालिका क्षेत्रधिकार ही माना जाएगा। नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर नागरिकों ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इनमें अनिल पांडे, रमेश सोनी, धीरज जैन, शिवधारी देवांगन, सचिन जैन, छोटू यादव, नीरज शर्मा, रुख्मणी साहू, नारायण निषाद, परस पाटकर आदि शामिल हैं।

■ राजपत्र में अंतिम प्रकाशन के बाद शासकीय अभिलेखों में नगर पालिका का होगा उल्लेख

## गिरौदपुरी क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

गिरौदपुरी पुलिस चौकी के अंतर्गत आसपास के गांवों खुलेआम अवैश कच्ची महुआ शराब बिक्री जोरों पर चल रही है। शराब माफिया बकाया दो व चार पहिया वाहन से अवैध कच्ची महुआ शराब का पाऊच शराब कोचिया के घर तक रात्रि में पहुंचाने की जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है। इसके बावजूद गिरौदपुरी पुलिस किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करते दिखायी दे रही है। ग्राम महराजी, मडवा, दर्रा, सुकली, बरेली, गिरौद, डेराडिह आदि गांवों में शराब कोचियां बेखौफ अवैध कच्ची शराब का कारोबार संचालित कर रहे हैं।

■ कोचिया रात में गांवों तक पहुंचा रहे शराब




गिरौदपुरी धाम जहां संत गुरुघासीदास बाबा की जन्मभूमि एवं तपोभूमि है, वहां रोजाना हजारों की संख्याओं में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है और गिरौदपुरी के आस पास जगह जगह अवैध कच्ची शराब तथा मांस मदिरा की बिक्री चल रही है। अवैध कच्ची शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने जनप्रतिनिधि अनेक बार अवगत करा चुके हैं, परंतु पुलिस खानापूर्ति के लिए महीनों में एक दो कार्रवाई करती है, लेकिन शराब माफिया अपने वाहनों में खुलेआम अवैध कच्ची शराब परिवहन कर कोचिया के घर तक पहुंचाते हैं, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से हौसला बुलंद होते जा रहा हैं।

**वारदात में शामिल दो आरोपी पहले पकड़े चा चुके हैं**

## ट्रांसफार्मर से एल्युमिनियम तार की चोरी का फरार आरोपी सालभर बाद पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पुलिस ने ट्रांसफार्मर में लगे एल्युमिनियम तार की चोरी करने वाला फरार आरोपी को सालभर बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

प्रार्थी सचिन्द्र सोनी कनिष्ठ अभियंता भाटापारा ने पिछले वर्ष 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 28–29 अगस्त की मध्य रात्रि कोई अज्ञात चोर 2 ट्रांसफार्मर की लाइन को काटकर ट्रांसफार्मर के अंदर का एल्युमीनियम तार वजनी 200 किलोग्राम कीमत 20 हजार को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस चौकी करहीबाजार में 379, 411, 120बी, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा पूर्व में आरोपी लालाराम केवट उर्फ भगत केवट 26 वर्ष, अमर बाबुवानी उर्फ कुंदन 24 वर्ष, सुमन जांगड़े 21 वर्ष, बिरेंद्र सिंह जांगड़े 29 वर्ष, टार्जनवानी उर्फ टीपुवानी 18 वर्ष, राज आर्यनवानी उर्फ खेखड़ा 18 वर्ष 6 माह सभी निवासी रिस्दा थाना बिल्हा जिला बिलासपुर एवं जितेंद्र वागले उम्र 29 वर्ष साकिन मोहभट्टा थाना बिल्हा जिला बिलासपुर को इस वर्ष 18 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था, किंतु प्रकरण में एक आरोपी शेख फारूक 34 वर्ष निवासी गोविन्द नगर सिरगिट्टी फरार था। प्रकरण में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा आरोपी शेख फारूक को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर एवं उसमें लगे तार आदि चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से 20 हजार कीमत मूल्य का, एल्युमीनियम तार वजनी 200 किलोग्राम बरामद कर गुरूवार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।



पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### रबी मौसम में 19.25 लाख हेक्टेयर रकबे में बोनी का लक्ष्य

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर रबी फसलों को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबि फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, वहीं 0.14 लाख क्विंटल बीज और 0.35 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2024-25 में रबि फसलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष विभिन्न रबि फसलों की बोनी के लिए 19.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न रबी फसलों की बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 2.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, चना, मटर, मक्का, अलसी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी हैं, जो लक्ष्य का 11 प्रतिशत है। जबकि पिछले वर्ष के लिए 19.19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बोनी का लख निर्धारित किया गया था।

### कार की टक्कर से दो लोगों को आई चोटें

**महासमुंद।** एनएच 53 बिरकोनी में चंडी मंदिर गेड के पास कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे कार में सवार दो लोगों को चोटें आई है। पुलिस को रूपेंद्र पटेल निवासी ग्राम करगीपाली सारंगढ 7 नवंबर को अपने दोस्त डोलामणि पटेल के साथ निजी कार्य से अपने कार क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 8473 से सरायपाली से रायपुर जा रहा था। जैसे वे दोनों एनएच 53 रोड बिरकोनी चंडी मंदिर गेट के पास पहुंचे, पीछे से ट्रक क्रमांक पीबी 13 बीबी 0254 के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर कार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। इससे कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और घटना में प्रार्थी के चेहरे, नाक तथा उसके दोस्त डोलामणि को गंभीर चोट लगने से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### खरोरा में उपसरपंच का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारतीय वायुसेना दिवस पर उपसरपंच हेमलता चंद्राकर का सम्मान किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि इस दिन को मनाने की वजह यह है कि 8 अक्टूबर 1932 को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की स्थापना हुई थी और देश की रक्षा के लिए वायुसेना के जवानों के बलिदान को सम्मानित करते है। साथ ही इस दिन को देश और उसके लोगों की सुरक्षा में वायुसेना के योगदान को दर्शाने के लिए मनाया जाता है।

# राज्योत्सव में खेल खिलौना की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**प्रदर्शनी में नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा ने स्थानीय व परिवेशीय वस्तुओं को प्रस्तुत किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान सभी विभागों द्वारा अपने विभागीय कार्यों की जानकारी देने व कार्योत्तर प्रगति को दिखाने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी अपने विभागीय गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए स्टाल लगाया था। उक्त स्टाल में जिले के नवाचारी शिक्षकों भारती वर्मा सिमगा, योगेश्वरी साहू व अराधना वर्मा बलौदाबाजार, कन्हैया साहू भाटापारा एवं स्नेहा मिश्रा कसडोल द्वारा अपने-अपने कार्यों का प्रदर्शन उक्त स्टाल के माध्यम से किया गया। इसमें सिमगा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा सामुदायिक सहयोग से स्थापित प्रदेश के प्रथम खेल खिलौना संग्रलाहय एवं स्थानीय व परिवेशीय वस्तुओं से निर्मित जादुई पिटारा का प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रारंभिक कक्षाओं में रुचिकर अध्यापन के लिए खेल खिलौनों को विशेष स्थान दिया है। स्टाल अवलोकन के दौरान मंत्रीद्वय एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों व जिला कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा शिक्षिका के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। शिक्षिका ने अपने कार्य को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती व डीएमसी एम. एल. ब्राह्मणी व एपीसी जहीर अब्बास, बीईओ एसके गेंदले का आभार व्यक्त किया।




# छठ पूजा पर महिलाओं ने किया निर्जला व्रत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा भाटापारा में महिलाओं व युवतियों ने हर्षोल्लास से की। पहले दिन मंगलवार को व्रती नहाय-खाय के साथ 36 घंटे का निर्जल व्रत शुरू किया। इस बार कल्याण सागर तालाब में नगर के महिलाओं द्वारा एकत्रित होकर पूजा की गई। चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत पांच नवंबर से नहाय खाय के साथ शुरू हुई।

भाटापारा नगर वासियों द्वारा महापर्व को धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया गया। भारतीय परंपरा के प्रति नयी पीढ़ियों की महत्वाकांक्षा भी अधिक देखने को मिलीं।

## स्वागत...



**बलौदाबाजार।** दशहरा मैदान में आयोजित दीपावली मिलन एवं लोकार्पण शिलान्यास समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्थानीय हैलीपैड में आत्मीय स्वागत किया गया। हैलीपेड में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चितावर जायसवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, आरंग विधायक खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे।

# कॉलेज में जनजातीय समाज के सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रजनी मिंज प्राचार्य विशिष्ट अतिथि हरीश देवांगन, भरत देवांगन एवं मुख्य वक्ता डॉ. अशोक भगत की उपस्थिति में मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, अमर शहीद वीरनारायण सिंह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. डीके वर्मा प्रभारी प्राचार्य ने जनजातीय जीवन एवं जनजातीय समाज के गौरव शहीद वीरनारायण सिंह के जीवन को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता डॉ. अशोक भगत ने अपने उद्बोधन में जनजातीय जीवन, परंपरा, रहन–सहन, योगदान, जनजातीय नायक गुण्डाधुर, बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह आदि पर प्रकाश डाला। छात्र–छात्राओं ने जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषयक पर अपने विचार रखे। छात्र छात्राओं द्वारा इस अवसर पर रंगोली, पोस्टर, भाषण आदि की प्रस्तुति दी गई।

### बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 14 से

**रायपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 नवंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गौरव दिवस, आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को सम्मानित करने तथा आमजन एवं भावी नागरिकों को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था, तभी से प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस के व्यापक आयोजन के संबंध में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम आयोजन की आवश्यक तैयारियों के संबध में निर्देशित किया गया है।

# मनरेगा मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा, जांच के लिए टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम देवदा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत हुए कामों में घोटाला का मामला सामने आया है। ऑनलाइन सिस्टम में सेंधमारी कर फर्जी मजदूर एवं फर्जी काम की एंट्री करके हजारों रुपए आहरण किए गए हैं। यह खेल पिछले कई साल से चल रहा था। बताया जा रहा है कि इस मामले की शिकायत गांव के ही कुछ लोगों द्वारा पंचायत स्तर पर की गई थी, जिसकी प्रारंभिक जांच में शिकायत सही भी पाई गई थी, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद इस मामले की शिकायत प्रशासन से की गई है, जिसके बाद इस मामले की जांच के लिए जिला पंचायत द्वारा 3 सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो दोबारा इस मामले की जांच कर रही है।



**जांच की जा रही**

ग्राम देवदा में मनरेगा मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा के अलावा अन्य शिकायतों की जांच के लिए टीम बनी हुई है। जांच टीम में मैं भी शामिल हूं। इस मामले की जांच की जा रही है। - **आशीष सिंह**, जांच टीम सदस्य, जिला पंचायत रायपुर

***10 फर्जी लोगों की पहचान***

*शिकायकर्ताओं ने ऑनलाइन एंट्री में दर्ज मजदूरों के नामों में 10 ऐसे लोगों के नाम की पहचान की है, जो गांव में मनरेगा का काम करने पहुंचे ही नहीं हैं। इनमें एक दंपति भी शामिल है, जिनके नाम आशीष बघेल एवं तुकेश्वरी बघेल हैं। इस दंपति को गांव छोड़े हुए करीब 12 वर्ष बीत चुके हैं। इसके अलावा अरुण डहरिया, राकेश डहरिया, देवेंद्र कोसले, अरुण कोसले, शीतल बघेल, कामता डहरिया, गीता डहरिया एवं कोमल डहरिया शामिल हैं। इन नामों के मजदूरों ने भी मनरेगा का काम नहीं किया है।*

# प्राथमिक व माध्यमिक शाला में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मर्राकोना में संकुल संजारी नवागांव विकास खंड सिमगा में किशन लाल यदु ने अपने स्व. माता रामप्यारी यदु की याद में श्रद्धांजलि स्वरूप न्योता भोज बच्चों के लिए आयोजित किया। इस सराहनीय कार्य के लिए शाला परिवार, यदु परिवार को धन्यवाद दिये। इसमें मुख्य रूप से प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ललित देवांगन, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गोपेश्वर ध्रुव, संकुल समन्वयक लेख राम निषाद, शिक्षक सियाराम यादव, मनहरण ध्रुव, शिक्षिका सुनीता यदु, संगीता कांठले व यदु परिवार के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने वार्ड नं. 2 वीरेंद्र नगर से एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 7 नवंबर को आरोपी संजय सहिस के कब्जे से 2 लीटर क्षमता वाली दो प्लास्टिक बाटल में भरा 2-2 लीटर देशी महुआ शराब कुल 4 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### कैट ने किया ईडी की कार्रवाई का स्वागत

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने अमेजन, फ्लिपकार्ट पर ईडी की कार्रवाई का स्वागत किया है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन ने संयुक्त रूप से कहा भारत एक सशक्त लोकतांत्रिक देश है, जो कानून और संविधान द्वारा शासित है। किसी को भी इन कानूनों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कैट और अन्य व्यापारिक संगठनों ने पिछले कुछ वर्षों से इन मुद्दों को उठाया है। कैट प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई सही दिशा में उठाया गया कदम है। इससे पहले, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने भी अमेज़न, फ्लिपकार्ट और उनके पसंदीदा विक्रेताओं को छोटे व्यापारियों और किराना दुकानों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए जुर्माने का नोटिस जारी किया था।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## पेज 9 के शेष

### सूर्यकांत तिवारी ...

चोटिल होने के कारण अपने खेल का प्रदर्शन करने से वंचित हो गए थे। 6 नवम्बर शुरु हुए कुच बिहार ट्रॉफी में पंजाब, हरियाणा, गोवा, तमिलनाडु, हैदराबाद से क्रमशः मुकाबला होने जा रहा है। इसमें मैच का सीधा प्रसारण भिलाई, गोवा, हैदराबाद, तमिलनाडु के मैदान से किया जाएगा। सूर्यकांत तिवारी के चयनित होने पर क्षेत्रवासियों एवं कर्मचारी कॉलोनी सिमगा के सभी निवासियों ने उनको और उनके टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### 7 किलो गांजा...

जअपने किराए के मकान में आते हुए पकड़ा। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों एवं पिटर स्कूटी वाहन में आरोपियों के पास रखे पिट्ठू बैग एवं झोला से अलग–अलग पैकेट एवं झिल्ली में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 7 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसे जब्त किया गया। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 70,000 है। इसके अतिरिक्त दोनों आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम 30,900, मोबाइल 2 नग एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक जुपिटर स्कूटी वाहन भी जब्त किया गया है। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा है।

### सर्दी-खांसी ठीक...

बलौदाबाजार वहां पर आया और अभी सर्दी खांसी का सीजन है कह कर अपने पास रखे एक बोतल में रखें तरल पदार्थ को आयुर्वेदिक दवाई का कफ सिरप है कहकर हम लोगों को दिया। इसके बाद राजेश मिश्रा द्वारा एक स्टील गिलास में आधा पानी और आधा दवाई मिलाकर मुझे, दिनेश वर्मा एवं मोहन धीवर को दिया, जिसे हम तीनों ने पिया। इसके बाद रात्रि करीब 2 बजे लगभग मुझे अचानक उल्टी होने लगी तथा मेरी तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गई। तब अपने परिवार वालों को इस बात की जानकारी दी, तो मुझे अस्पताल लाकर भर्ती कराए हैं। यहां आकर पता चला कि मोहन धीवर और दिनेश वर्मा भी इलाज कराने अस्पताल में भर्ती हुए, जहां पर दिनेश वर्मा की मृत्यु हो गई है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

